Dainik Jagran (06.07.2016)

# वाइएमसीए में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम की शुरुआत

**जासं, फरीदाबाद :** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मानविकी एवं विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआइटीटीटीआर), चंडीगढ़ के सहयोग से 'पर्यावरण, विकास एवं स्थिरता' विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। जागरण

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विकास और पर्यावरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना तथा सतत विकास हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से जानकारी एवं सहयोग हासिल करने के लिए प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संयोजन सहायक प्रोफेसर डॉ. रेणुका गुप्ता एवं ज्योति ग्रोवर कर रही हैं।

रुड़की इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, शामली में निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. एचएन दत्ता कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने एयर-फोटोग्राफी व रिक्टर स्केल पर 5.0 स्तर के बड़े भूकंप की पूर्वगामी सूचना देने वाले सोडार सिस्टम पर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को एनआइटीटीटीआर, चंडीगढ़ से हिम्मी गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को टीईआरआइ विश्वविद्यालय, दिल्ली में प्राकृतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश जैन ने संबोधित किया तथा वायु प्रदूषण, परिवहन तथा स्वास्थ्य जैसे पर्यावरण से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने शैक्षणिक परिसरों में कार्बन तटस्थता विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के संकाय सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

**Punjab Kesari (06.07.2016)**

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को एकजुट प्रयास करने की आवश्यकता

**बल्लभगढ़,(ब्यूरो):** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ के सहयोग से 'पर्यावरण, विकास एवं स्थिरता' विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलेपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो0 दिनेश कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो0 राज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विकास और पर्यावरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना तथा सतत विकास हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से जानकारी एवं सहयोग हासिल करने के लिए प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संयोजन सहायक प्रोफेसर डा. रेणुका गुप्ता एवं ज्योति ग्रोवर द्वारा किया जा रहा है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यावरण विकास में निरंतरता लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं विकास के लिए सभी को एकजुट प्रयास करने की आवश्यकता है और ऐसे प्रयासों में जीवन शैली में कुछ बदलाव भी जरूरी है। उन्होंने रेडिएशन उत्पन्न करने वाले मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों के अत्याधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि

**कार्यक्रम**

**'पर्यावरण, विकास एवं स्थिरता' विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी ड्वलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन**

इससे न सिर्फ पर्यावरण अपितु स्वास्थ्य पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं। रूड़की इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, शामली में निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डा. एच0 एन0 दत्ता कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने एयर-फोटोग्राफी व रिक्टर स्केल पर 5.0 स्तर के बड़े भूकंप की पूर्वगामी सूचना देने वाले सोडार सिस्टम पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को एनआईटीटीटीआर, चंड़ीगढ़ से हिम्मी गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को टीईआरआई विश्वविद्यालय, दिल्ली में प्राकृतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो0 सुरेश जैन ने संबोधित किया तथा वायु प्रदूषण, परिवहन तथा स्वास्थ्य जैसे पर्यावरण से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने शैक्षणिक परिसरों में कार्बन तटस्थता विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के संकाय सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

**Dainik Jagran (06.07.2016)**

# एमटेक में दाखिले की अंतिम तिथि 8 जुलाई तक

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की ओर से एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिलों के लिए अंतिम तिथि 8 जुलाई 2016 तक बढ़ा दी है। दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते है। इसके अलावा रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी विज्ञान तथा गणित पाठ्यक्रमों में एमएससी के दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन अब 9 व 10 जुलाई 2016 को किया जाएगा। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 13 जुलाई, 2016 को घोषित कर दिया जाएगा। इसके उपरांत एमएससी में रिक्त सीटों के लिए पहली काउंसलिंग भौतिकी विज्ञान तथा गणित के लिए 20 जुलाई को होगी तथा रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान तथा एमए (जनसंचार एवं पत्रकारिता) के लिए 21 जुलाई को होगी। दूसरी व तीसरी काउंसलिंग 8 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

**Amar Ujala (06.07.2016)**

# एमटेक में 8 जुलाई तक आवेदन

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विद्यार्थी 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन तिथि को 4 जुलाई से बढ़ाकर 8 जुलाई कर दिया गया है। आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कि ए जा सकते है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र एक हजार रुपये (एससी/एसटी श्रेणी के लिए 400 रुपये) के डिमांड ड्राफ्ट जोकि विश्वविद्यालय के कुल सचिव के पक्ष में देय होगा तथा जरूरी दस्तावेजों के साथ 8 जुलाई शाम 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट दी गई है।

# प्रवेश परीक्षा 9 व 10 जुलाई को

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी विज्ञान और गणित पाठ्यक्रमों में एमएससी के दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है। यह परीक्षा 9 और 10 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 13 जुलाई को घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद एमएससी में रिक्त सीटों के लिए पहली काउंसलिंग भौतिकी विज्ञान तथा गणित के लिए 20 जुलाई को होगी। जबकि रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और एमए (जनसंचार एवं पत्रकारिता) के लिए 21 जुलाई को काउंसलिंग होगी। इसी प्रकार, दूसरी व तीसरी काउंसलिंग आठ अगस्त को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**Dainik Bhaskar (06.07.2016)**

# वाईएमसीए ने एमटेक में दाखिला के लिए तिथि बढ़ाई

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा एम टेक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए अंतिम तिथि को 8 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। दाखिला के लिए इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र जरूरी दस्तावेजों के साथ 8 जुलाई को शाम 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी विज्ञान व गणित पाठ्यक्रमों में एमएससी के दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा अब 9 व 10 जुलाई को होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 13 जुलाई को घोषित होगा।

**Navbharat Times (06.07.2016)**

# डेट बढ़ाई

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की ओर से एम.टेक पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए अंतिम तिथि 8 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। आवेदन फॉर्म यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूरी तरह भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपये (एससी/एसटी श्रेणी के लिए 500 रुपये) के डिमांड ड्राफ्ट और दस्तावेजों के साथ 8 जुलाई दोपहर बाद 4 बजे तक जमा करवाया जा सकता है।

# प्रवेश परीक्षा 9 व 10 को

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से कैमिस्ट्री, फिजिक्स और मैथ पाठ्यक्रमों में एमएससी के दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा अब 9 व 10 जुलाई को होगी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 13 जुलाई को घोषित किया जाएगा।